आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.08.2025 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अहमदाबाद में पांच हजार चार सौ करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुभांशु शुक्ला और अन्य गगनयात्रियों को सम्मानित किया।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने ग्रामीण विकास कार्यों का निरीक्षण किया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहले अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट का धूमधाम से हुआ उद्घाटन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी कल अहमदाबाद में पांच हजार चार सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और जनसभा को संबोधित करेंगे। 26 अगस्त को, प्रधानमंत्री हंसलपुर में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के उत्पादन का उद्घाटन करेंगे और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों के सौ देशों को निर्यात की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा, वे एक हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कनेक्टिविटी में सुधार के लिए सड़क चौड़ीकरण का उद्घाटन करेंगे और साथ ही अहमदाबाद–वीरमगाम मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज की आधारशिला भी रखेंगे। राज्य के विद्युत क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे शहरी अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जिसमें अहमदाबाद में नए स्टाम्प और पंजीकरण भवन का निर्माण शामिल है। सुजुकी मोटर प्लांट में, प्रधानमंत्री "ई विटारा" बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन का उद्घाटन करेंगे, और गुजरात स्थित टीडीएस बैटरी संयंत्र में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के उत्पादन का शुभारंभ करेंगे। यह भारत को बैटरी निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान इसरो के पहले अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान का हिस्सा रहे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन पीबी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत

कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री ने चारों गगनयात्रियों को देश के रत्न और राष्ट्रीय आकांक्षाओं का अग्रदूत बताया। अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, "हम अंतरिक्ष को केवल अनुसंधान के क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि कल की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, ऊर्जा और मानवता के भविष्य के रूप में देखते हैं। रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत में एक नया अध्याय बताया। रक्षामंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष कार्यक्रम प्रशिक्षण में सामान्यतः ढाई वर्ष लगते हैं, लेकिन शुभांशु शुक्ला ने इसे महज ढाई महीने में ही पूरा कर लिया। यह उनकी व्यक्तिगत क्षमता के साथ–साथ उनके कठिन परिश्रम की प्रवृति को भी दिखाता है। इस अवसर पर ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने एक्सियोम मिशन के अपने अनुभव साझा किए।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली विधानसभा में दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन केंद्रीय विधानसभा के पहले निर्वाचित अध्यक्ष विट्ठलभाई पटेल के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता की ही तरह, आज़ादी के बाद देश को लोकतांत्रिक तरीक़े से चलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वीर विट्ठलभाई पटेल ने देश को भारतीय आदर्शों पर लोकतांत्रिक तरीक़े से चलाने की आधारशिला रखी थी। श्री शाह ने कहा कि सदन में देश की जनता के मुद्दों को निष्पक्ष रूप से उठाने का अवसर दिया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना हर सदस्य की ज़िम्मेदारी है कि सदन का कामकाज नियमानुसार चले।

<><><><><><><>

संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। दक्षिण अंडमान के उपायुक्त एवं सचिव ने कल फरारगंज गांव और इसके आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण संपर्क और बुनियादी ढाँचे के सुधार के लिए चल रहे विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। दौरे के दौरान, उपायुक्त ने ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज के अंतर्गत वार्ड संख्या ग्यारह में हाल ही में बिछाई गई सड़क का जायजा लिया और क्षेत्र में जारी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा, बम्बूफ्लाट जेट्टी का दौरा भी किया गया, जहाँ जेट्टी की बुनियादी ढाँचे और अन्य सुविधाओं की स्थिति का आंकलन किया गया। उपायुक्त ने इस अवसर पर जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया कि वे पंचायती राज संस्थाओं और सामुदायिक प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से बुनियादी ढाँचे, ग्रामीण संपर्क और आजीविका के अवसरों को मजबूती देने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि

दक्षिण अंडमान में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए स्थायी बुनियादी ढाँचे के निर्माण की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

<><><><><><><>

पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन ने कालीघाट पंचायत हॉल में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें अस्सी से अधिक लोग उपस्थित रहे। जनता ने शराब की अवैध बिक्री, यातायात समस्याएं, और नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर अपनी शिकायतें बताईं। पुलिस ने इन मुद्दों के समाधान का आश्वासन दिया और सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें नशीली दवाओं के दुरुपयोग और यातायात नियमों के पालन पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की कि वे अपराध और अवैध गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी पुलिस से साझा करें।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार आयोजित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन जलसा हॉल, डॉलीगंज में हुआ। दक्षिण अंडमान के उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा के साथ शतरंज की पहली चाल चली। प्रतियोगिता में भारत के बीस राज्यों से लगभग तीन सौ पचास खिलाड़ी और श्रीलंका, नेपाल तथा अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कुल पुरस्कार राशि सात लाख रूपये हैं। यह टूर्नामेंट अट्ठाईस अगस्त तक चलेगा और अंडमान निकोबार को शतरंज पर्यटन के एक नए केंद्र के रूप में प्रस्तुत करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने खेल विभाग व भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से आज संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया। यह रैली फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज़ थीम पर आधारित थी। तीन किलोमीटर लंबी यह साइकिल रैली सेल्यूलर जेल से शुरू होकर नेताजी स्टेडियम तक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ज़िला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार मीणा और सीआईडी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मीणा ने किया। आयोजन की निगरानी पुलिस अधीक्षक नियति मित्तल द्वारा की गई। कुल पैंसठ प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय

साइक्लिस्ट देबोराह ने भी प्रतिभागियों को फिटनेस और साइक्लिंग के प्रति प्रेरित किया। यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बनी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी लेकर आई।

<><><><><><><>

रोटरी क्लब नेक्स्टजेन पोर्ट ब्लेयर ने अभ्युदय कॉम्प्लेक्स, फरारगंज में दिव्यांग आश्रम और वृद्धाश्रम के निवासियों को आवश्यक सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष मंदीप ग्रेवाल, सचिव एम. विग्नेश और कोषाध्यक्ष सोनू जॉर्ज इप्पन उपस्थित रहे। इस पहल ने समुदाय के प्रति क्लब की संवेदनशीलता और समर्पण को प्रदर्शित किया।

<><><><><><><>